# कपड़ा सजा कैसे

## एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक (पृष्ठ संख्या 154)

➢ साजिद का दुपट्टा कैसे बना होगा?

उत्तर साजिद का दुपट्टा कारीगरों ने मशीन पर कपड़े से बनाया होगा।

➢ तुम भी एक दुपट्टा या कोई थोड़ा लंबा बिना सिला कपड़ा लो। उसे अलग-अलग तरह से पहन कर देखो, कितनी तरह से पहन पाए।

उत्तर एक दुपट्टा कई तरह से पहना जा सकता है।

➢ क्या किसी ने उसे लुंगी बनाकर या साफा बनाकर पहना? दुपट्टे को और कैसे-कैसे पहना?

उत्तर हाँ, हमने दुपट्टे को लुंगी की तरह और साफा की तरह पहना। कुछ ने इसे साड़ी की तरह पहना, तो कुछ ने इसे धोती की तरह पहना।

➢ अपने घर में कोई छः कपड़े देखो। तुमने कपड़ों में क्या-क्या अंतर पाया–जैसे छूने में, रंग में, डिजाइन में?

उत्तर मैंने कपड़ों में नीचे लिखे अंतर पाए–

- कुछ कपड़े मुलायम हैं, जबकि कुछ खुरदरे हैं।
- कुछ कपड़े चटख रंग के हैं, जबकि कुछ शांत रंग के हैं।
- कुछ कपड़े सीधे-सादे डिजाइन के हैं, तो कुछ पर बारीक डिजाइन हैं।

➢ किसी मोटे कपड़े या बोरी को ध्यान से देखो। क्या तुम्हें खड़े और लेटे धागे दिखाई दिए? किसी भी कपड़े को नजदीक से देखोगे तो तुम्हें ऐसी ही बनावट दिखाई देगी।

उत्तर हाँ, मुझे खड़े और लेटे धागे दिखाई दिए।